**विधान परिषद के द्‌वितीय सत्र, 2023 के प्रथम मंगलवार के लिये निर्धारित श्री स्वामी प्रसाद मौर्य, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्‌वारा पूछे <u>गये तारांकित प्रश्न संख्या - 14 का उत्तर</u>**

| प्रश्न | उत्तर |
|---|---|
| 14(क) क्या खेल एवं युवा कल्याण मंत्री बतायेंगे कि प्रदेश के ग्राम सभाओं में ग्राम पंचायत सचिवालय/ पंचायत भवन व अन्य स्थानों पर ओपेन जिम लगाया जा रहा है ? | जी हॉ। |
| (ख) यदि हॉ, तो क्या जनपद प्रयागराज के विकास खण्ड होलागढ़ के ग्राम सभा देवापुर व ऊॅचडीह में ओपेन जिम लगवायेंगे? | जनपद-प्रयागराज के विकास खण्ड होलागढ़ के ग्राम सभा देवापुर व ऊॅचडीह में ओपेन जिम लगवाने के सम्बन्ध में ग्राम्य विकास अनुभाग-7 द्‌वारा निर्गत शासनादेश दिनांक 22 जनवरी, 2020 के प्रस्तर–5 के बिन्दु संख्या-3 के अनुसार आवश्यक कार्यवाही करने हेतु विशेष सचिव, युवा कल्याण विभाग का पत्र दिनांक 02 अगस्त, 2023 अपर मुख्य सचिव, ग्राम्य विकास विभाग एवं मुख्य विकास अधिकारी, प्रयागराज को प्रेषित किया जा चुका है। |
| (ग) यदि हॉ, तो कब तक ? | विशेष सचिव, युवा कल्याण विभाग का पत्र दिनांक 02 अगस्त, 2023 अपर मुख्य सचिव, ग्राम्य विकास विभाग एवं मुख्य विकास अधिकारी, प्रयागराज को आवश्यक कार्यवाही करने हेतु प्रेषित किया जा चुका है। |
| (घ) यदि नहीं, तो क्यों? | प्रश्न नहीं उठता। |

गिरीश चन्द्र यादव
राज्य मंत्री (स्वतन्त्र प्रभार)
युवा कल्याण विभाग